# कृषि उपज विपणन समिति शाहदरा
## (रा. रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार)
## फल एवं सब्जी मार्केट गाजीपुर, दिल्ली-96

वेबसाईट: apmcgazipur.org, ईमेल: apmcsh@yahoo.com

F.No:- APMC/Lic./SH/2019/ 1062 Dated:- 26/2/22

**सार्वजनिक सूचना**

फल एवं सब्जी मन्डी, गाजीपुर मे कार्यरत सभी वैध लाईसैन्सधारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022-23 के लिए लाईसैन्स नवीनीकरण हेतु फार्म 'एफ' पर आवश्यक दस्तावेजो के साथ 31 मार्च 2022 तक आवेदन करें। आवेदन के साथ निम्नलिखित सभी दस्तावेज भी आवश्यक रुप से संलग्न करें:-

1. आवेदन फार्म में माँगी गयी सभी सूचनायें स्पष्ट भरें।
2. फर्म के मालिक/भागीदारों के फोटो आवेदन फार्म पर हस्ताक्षर सहित चिपकायें।
3. फोटो के नीचे मालिक/भागीदारों के नाम स्पष्ट रुप से लिखें।
4. आवेदन फार्म पर फर्म के मालिक के हस्ताक्षर के साथ फर्म की मोहर अवश्य लगायें।
5. बिजली शुल्क व फड चार्ज भुगतान का पूर्ण विवरण फर्म के लैटर पैड पर तैयार कर जमा करायें तथा जमा की गयी फीस की राशि आवेदन फार्म पर दर्शायें।
6. मण्डी शुल्क का भुगतान आवदेन की तिथि तक करें तथा उसकी प्रति फार्म के साथ संलग्न करें।
7. पिछले वर्ष की नवीनीकरण आवेदन राशि की रसीद की छायाप्रति के साथ संलग्न करें।
8. फर्म के संविधान में कोई परिवर्तन नही है तो फार्म पर 'कोई परिवर्तन नही' लिखें, अन्यथा विवरण दें।
9. आवेदक फर्म लैटर हैड पर अपनी दुकान पर आने वाली कृषि जिन्स (फल व सब्जी) के नामों को भी अंकित करें।
10. आवेदक अपना मूल लाईसैन्स आवेदन फार्म के साथ जमा करायें।
11. फर्म के मालिक/ भागीदार व्यक्तिगत रुप से आवेदन फार्म जमा करायें एवं अपना पता मोबाइल नं0 सहित लिखें।
12. आवेदन फार्म पर फर्म के मालिक/भागीदार के आधार कार्ड, पैन कार्ड का नं0 अवश्क अंकित करें।

**नोटः- <u>31 मार्च 2022 तक स्पष्ट रुप से भरे गये नवीनीकरण आवेदन फार्म निर्धारित आवेदन राशि रुपये 100/- के साथ स्वीकार किये जायेंगे। अधूरी सूचना के साथ नवीनीकरण फार्म स्वीकार नही किये जायेंगे।</u>**

उपरोक्त सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त जारी की जा रही है।

(मनीष कश्यप)
सहायक सचिव-I

प्रतिलिपिः-
1. अध्यक्ष, कृषि उपज विपणन समिति, शाहदरा, दिल्ली- 110096।
2. सचिव, कृषि उपज विपणन समिति, शाहदरा, दिल्ली- 110096।
3. उपसचिव (सम्पदा एवं प्रबन्धन), दिल्ली कृषि विपणन परिषद, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058।
4. रख-रखाव शाखा, कृषि उपज विपणन समिति, शाहदरा, दिल्ली- 110096।
5. लेखा शाखा, कृषि उपज विपणन समिति, शाहदरा, दिल्ली- 110096।
6. अध्यक्ष, फ्रुटस एन्ड वेजीटेबल वेलफेयर ऐसोसिएशन गाजीपुर सब्जी मन्डी, दुकान सं0 बी-156, नई सब्जी मन्डी, गाजीपुर, दिल्ली- 110096 को इस अनुरोध के साथ कि समस्त लाईसैन्सधारकों को सूचित करने का कष्ट करें।
7. अध्यक्ष, फल एवं सब्जी मन्डी गाजीपुर आढ़ती ऐसोसिएशन, दुकान सं0 बी-305, दिल्ली-110096 को इस अनुरोध के साथ कि समस्त लाईसैन्सधारकों को सूचित करने का कष्ट करें।
8. अध्यक्ष, गाजीपुर नई सब्जी मन्डी थोक विक्रेता वेलफेयर ऐसोसिएशन, दुकान नं0 62, ब्लॉक नं0 ए-4, गाजीपुर सब्जी मन्डी, दिल्ली- 110096 को इस अनुरोध के साथ कि समस्त लाईसैन्सधारकों को सूचित करने का कष्ट करें।
9. अध्यक्ष, टोमैटो मर्चेन्टस ऐसोसिएशन (रजि0), दुकान सं0 बी-91, न्यू सब्जी मन्डी, गाजीपुर, दिल्ली-96 को इस अनुरोध के साथ कि समस्त लाईसैन्सधारकों को सूचित करने का कष्ट करें।

Scanned by CamScanner